॥ श्रीः ॥

वैद्यवल्लभः ।

कविवरहस्तिरुचिकविविरचितः ।

मथुरानिवासिपण्डितराधाचन्द्रशर्म-

विरचितया

व्रजभाषाटीकया विभूषितः ।

सोऽयम्

श्रीकृष्णदासात्मज-क्षेमराजेन

मुंबय्यां

स्वकीये "श्रीवेङ्कटेश्वर" मुद्रणालये

मुद्रयित्वा प्रकाशितः ।

संवत् १९७८, शकाब्दाः १८४३.

अस्य ग्रन्थस्य सर्वेऽधिकारा यन्त्राधिकारिणा स्वायत्तीकृताः ।

॥ श्रीः ॥

अथ

वल्लभविषयानुक्रमणिकाप्रारम्भः ॥



विषय.		पृष्ठांक.
१ प्रथमो विलासः ।		
मंगलाचरणम्	...	१
अथवैद्यकृत्यम्	...	,,
वातज्वरे क्वाथः	...	२
पित्तज्वरे कषायः	...	२
कफज्वरे कषायः	...	२
विलाज्वरे क्वाथः	...	३
वातपित्तज्वरे क्वाथः	...	३
कफपित्तज्वरे कषायः	....	३
शीतज्वरे कषायः	...	४
चातुर्थिकज्वरे नस्यम्	....	४
दैवदोषज्वरे लेपः	...	४
एकान्तरज्वरावलेहः	...	४
सन्निपातज्वरे कषायः	...	५
तृतीयज्वरोपायः	...	५
कासश्वासक्वाथः	...	६
अतीसारज्वरे क्वाथः	....	६
सर्वज्वरे अंजनम्	...	६
सर्वज्वरे लेपः	...	६
सर्वज्वरे गुटिका	...	७
सर्वज्वरे चूर्णम्	...	७
सर्वज्वरे क्वाथः	...	७
ज्वरारिरसः	...	८

विषय.		पृष्ठांक.
२ द्वितीयो विलासः ।		
युवतिरोगाधिकार गर्भधारण-प्रयोगः	...	९
गर्भवृद्धिप्रयोगः	...	११
योनिसंकोचप्रयोगः	...	१२
स्त्रीध तुरोगे	...	१२
गर्भपातप्रयोगः	...	१३
वातप्रदरोपायः	...	१६
लोमपातप्रयोगः	...	१७
नष्टपुष्पागमनप्रयोगः	...	१७
योनिशैफरोग लेपः	...	१८
सूतिकारोगे क्वाथः	...	१८
प्रदररोगे	...	१८
३ तृतीयो विलासः ।		
कासश्वासे गुटिका	...	१९
कफश्वासे गुटिका	...	१९
कासश्वासे चूर्णम्	...	२०
कासश्वासे क्वाथः	...	२१
कासश्वासे गुटिका	...	२१
कासश्वासावलेहः	...	२१
शोफरोगे लेपः	...	२३
विस्फोटकरोगे कषायः	...	२५

विषय.	पृष्ठांक.
विस्फोटकरोगे चूर्णम् ...	२५
विस्फोटकव्रणरोगे लेपः ...	२५
विस्फोटकरोगे गुटी ...	२६
पामारोगे लेपः ...	२६
रक्तपित्तरोगे उपचारः ...	२६
४ चतुर्थो विलासः ।	
बलवीर्यवर्द्धनो मोदकः ...	२७
प्रमेहरोगे उपचारः ...	३०
सकलप्रमेहरोगे उपचारः ...	३०
हीनकन्दर्पवृद्धिप्रयोगः ...	३१
मूत्ररोगे उपचारः ...	३१
अश्मरीरोगे उपचारः ...	३२
लिङ्गलेपः ...	३२
कामेश्वरगुटिका ...	३३
मूत्रविकारे उपचारः ...	३४
अथेन्द्रियोत्पन्नरोगे उपचारः...	३४
नागभस्मविधिः ...	३४
५ पंचमो विलासः ।	
गुदरोगप्रतीकारः प्रोच्यते ...	३५
अथातीसारे गुटिका ...	३६
अतीसारे चूर्णम् ...	३६
अथार्शरोगे उपचारः ...	३७
अथार्शादिलेपः ...	३७
अथार्शादिगुटिका	३८
भल्लातकविकारे लेपः ...	३८
कृमिरोगोपचारः ...	३९
भगंदरवाते लेपः ...	३९
अथैरंडपाकः ...	३९
स्रोतवृद्धिरोगे लेपः ...	४०

विषय.	पृष्ठांक.
६ षष्ठो विलासः ।	
वज्रभेदीरसः ...	४१
सर्वकुष्ठारिरसः ...	४२
इच्छाभेदीरसः ...	४२
कुष्ठरोगे लेपः ...	४३
विषभक्षणे उपचारः ...	४३
वमनाद्युपचारः ...	४३
अहिफेनविष उपचारः ...	४४
वृश्चिकविषे उपचारः ...	४४
रिक्तकविष उपचारः ...	४४
लवणभास्करचूर्णम् ...	४५
मन्दाग्निहा गुटिका ...	४५
पांडुकामलारोगे कषायः	४६
कामलाजीर्णज्वरे क्वाथः ...	४६
कामलारोगे उपचारः ...	४६
कामलारोगेऽवलेहः	४७
पांडुजीर्णकामलारोगे उपचारः	४७
उदररोगे चूर्णम् ...	४७
७ सप्तमो विलासः ।	
गुंठीपाकः ...	४८
मस्तकविकारे लेपः ...	४९
पुनः लेपननस्यप्रयोगः ...	४९
अर्धशीर्षरोगे नस्यम् ...	५०
मस्तकरोगे लेपः ...	५०
कपालकुटिरोगे नस्यम् ...	५१
सर्वशिरःकरोगे गुटिका ...	५१
नेत्ररोगे अञ्जनम् ...	५१
सर्वनेत्ररोगे लेपः ...	५२
सर्वनेत्ररोगे गुटिका ...	५२

विषय.	पृष्ठांक.
पुनरंजनम्	५२
कर्णरोगे तैलम्	५२
नासूररोगे उपचारः ...	५३
मुखपिडिकालेपः ...	५३
मुखशोषे लेपः ...	५३
मुखशोषे गुटिका ...	५४
दन्तरोगे मंजनम् ...	५४
स्नायुरोगे लेपादि ...	५४
श्वानविषे उपचारः ...	५५
रक्तपित्ते उपचारः ...	५६
मागधीपाकः ...	५६
सन्धिग्रन्थिवाते गुटिका ...	५७
८ अष्टमो विलासः ।	
भूतप्रेतादिदोषजिदंजनम् ...	५८
सर्वदोषजित्प्रयोगः ...	५८
सर्पविषे उपचारः ...	५९
सोमलविषे उपचारः ...	५९
नागफेनविषे उपचारः ...	५९
धत्तूरविषे उपचारः ...	६०
पारदविषे उपचारः ...	६०
हरितालविषे उपचारः ...	६०
श्वशुरगृहे तरुणी तिष्ठति तत्रप्रयोगः	६०
प्रमेहादिरोगेऽपचारः ...	६१

विषय.	पृष्ठांक.
मदनवृद्धिपाकः ...	६१
लस्सनपाकः ...	६२
अपस्माररोगे नस्यम् ...	६३
अपस्माररोगे गुटिका	६३
अपस्माररोगे नस्यम् ...	६४
विधिरशूलरोगे उपचारः ...	६४
वीर्यस्रावरोगे उपचारः ...	६४
पादव्रणरोगे लेपः ...	६४
वायुरोगे गुटिका ...	६५
जानुकम्पादिरोगे लेपः ...	६५
सन्निपातादिरोगेऽवलेहः ...	६५
हिक्कारोगे उपचारः ...	६६
वंगेश्वरो वातपित्तादिदोषे ...	६७
सन्धिवाते गुटिका ...	६८
ज्वरातिसारे गुटिका ...	६८
९ नवमो विलासः ।	
बृहन्मालतीवसन्तः ...	६९
सूतिकाविनोदी रसः ...	६९
सूतिकारोगे कषायः ...	७०
शोथरोगे लेपः ...	७०

इति वैद्यवल्लभविषयानुक्रमणिका समाप्ता ।

पुस्तक मिलनेका ठिकाना—

खेमराज श्रीकृष्णदास,

"श्रीवेंकटेश्वर" छापाखाना—बम्बई.

श्रीः ।

अथ वैद्यवल्लभः ।

भाषाटीकासमेतः ।

सरस्वतीं हृदि ध्यात्वा नत्वा श्रीगुरुपत्कजम् ॥
सहस्तिरुचिना वैद्यवल्लभोयं विधीयते ॥ १ ॥

वैद्यवल्लभग्रन्थस्य राधाचन्द्रेण कल्पिता ।
व्रजभाषाभाष्यटीका क्षेमराजस्य प्रार्थनात् ॥

भाषाटीका ॥ सरस्वतीको हृदयमें धारण कर श्रीगुरु के चरणकमलको नमस्कार कर हस्तिरुचि कवि वैद्यवल्लभ नामके ग्रंथको कहैहै ॥ १ ॥

पूर्वं वैद्यवरो बुद्ध्या विधाय रोगनिर्णयम् ॥
पश्चात्साध्यगदं मत्वा ततो भैषज्यमारभेत् ॥ २ ॥

भाषाटीका ॥ पहले वैद्य अपनी श्रेष्ठ बुद्धिसों शास्त्रके अनुसार रोगके अभिप्रायको समझ देहके रोगको निश्चय करै तापीछे रोगी साध्य होइतौ औषध देनी और असाध्य होइ तौ चिकित्सा न करनी ॥ २ ॥

यतः सकलरोगेषु प्रायशो बलवाञ्ज्वरः ॥
तस्मात्तद्रोगनाशार्थं प्रोच्यते हितमौषधम् ॥३ ॥

भाषाटीका ॥ सबरे रोगनमें बहुत भांति करके ज्वर

बलवानहै तासों वा रोगके दूर करनेके कारण अति कारक औषध कहों हो ॥ ३ ॥

पूर्वं ज्वरे सदा कुर्याद्रेचनं रोगशान्तये ॥
पश्चाल्लंघनभैषज्यं कुर्वाणो जायते सुखी ॥४॥

भाषाटीका ॥ पहलेही ज्वरमें दस्तावरविधि करना चाहिये पीछे लंघन औषध करै तासों रोगी सुखी होइहै ॥ ४

अथ वातज्वरे क्वाथः ॥

अमृता नागरं मुस्ता निशा धान्यं समानकैः ॥
वातज्वरे प्रदातव्यः कृष्णायुक्तः कषायकः ॥ ५ ।

भाषाटीका ॥ गिलोय, सोंठ, नागरमोथा, हरदी, धनियां ये सब बराबर ले काढाकर पीपलके चूर्णके संग देवे तो वातीके ज्वरको शान्ति करे है ॥ ५ ॥

अथ पित्तज्वरे कषायः ॥

द्राक्षा चारग्वधो मुस्ता रेणुपथ्याजलैः समम् ॥
क्वाथो मधुयुतो हन्ति ध्रुवं पित्तज्वरं महत् ॥ ६ ॥

भाषाटीका ॥ मुनक्का दाख, अमलतासका गुदा, नागरमोथा, रेणुका, कोई पाकी प्रतिनिधिमें पित्तपापडो गेरे हैं, हरड, नेत्रवालो ये सब बराबर ले ताको औटायकर सहतके संग पीवे सो महत्पित्त ज्वर निश्चय नाश होई ॥ ६ ॥

अथ कफज्वरे कषायः ॥

वासाग्रंथिकतिक्तांभोधरन्वकधान्यकैः ॥

विश्वौषधान्वितः क्काथः कफज्वरविनाशकृत्॥७॥

भाषाटीका ॥ अडूषा, पीपलामूल, कुटकी, नागरमोथा, धमासो, धनियां ये सब बराबर ले क्काथकर सोंठके चूर्णके संग पीवे सो कफज्वरको नाश होई ॥ ७ ॥

अथ वेलाज्वरे क्काथः ॥

मुस्तामृतानागरधन्वधात्रीक्षुद्रायुगारिष्टजभृंगराजैः ॥
समानभागैर्मधुनासमेतो वेलाज्वरं हन्ति कृतः कषायः८

भाषाटीका ॥ नागरमोथा, गिलोय, सोंठ, धमासा, आंवला, कटेहरी, दोऊ नीपकी छाल, भांगरा ये बराबर भाग ले क्काथकर सहतके संग पीवे सो वेलाज्वर दूर होई ॥ ८ ॥

अथ वातपित्तज्वरे क्काथः ॥

मुस्तानागरभूनिंबरेणुच्छिन्नोद्भवैःसमः ॥
क्काथोयंपंचभद्राख्योवातपित्तज्वरापहः ॥ ९ ॥

भाषाटीका ॥ नागरमोथा सोंठ चिरायता रेणुका, याकी एवज पित्तपाड़ा लेनो, गिलोय ये बराबर भाग पंचभद्रनामको क्काथ, कर पीवे सो वातपित्त ज्वरको दूर करै ॥ ९ ॥

अथ कफपित्तज्वरे कषायः ॥

धान्यकंसलिलंमुस्तानिशापथ्याद्विजीरकौ ॥
कफपित्तज्वरेक्काथः प्रोक्तोयंकविहस्तिना ॥१०॥

भाषाटीका ॥ धनियां नेत्रवाला नागरमोथा हरदी हरड दोनों जीरा इनको बराबर भाग लै काढाकर पीवे सो

कफपित्तज्वरको दूर करै। ये प्रमाण ग्रंथकार हस्तिकविने कहाहै ॥ १० ॥

अथ शीतज्वरे कषायः ॥

शक्राह्वामृतदद्रुघ्नवृषनिर्गुण्डकैःसमम् ॥
भृंगराजौषधीक्वाथोहन्ति शीतज्वरं ध्रुवम् ॥ ११ ॥

भाषाटीका ॥ इंद्रजौ गिलोय परमारके बीज अडूसा निर्गुण्डी भांगरा सोंठ इनको बराबर भागलै क्वाथकर पीवे सो शीतज्वर निश्चय दूर होई ॥ ११ ॥

अथ चातुर्थिकज्वरे नस्यम् ॥

जीर्णेनसर्पिषायुक्तरामठस्यच नस्यकम् ॥
दुग्धेनत्रिफलापानान्नश्येच्चातुर्थिकज्वरः ॥ १२ ॥

भाषाटीका ॥ पुराने घीमें हींग डाल नस्य लेवे सो तथा दूधके संग त्रिफला पीवेसो चातुर्थिकज्वर नाश होई ॥ १२ ॥

अथ दैवदोषज्वरे लेपः ॥

सर्षपानिम्बपत्राणि हिंगु सर्पस्य कंचुकी ॥
गुग्गुलेनकृतोलेपोदैवदोषज्वरापहः ॥ १३ ॥

भाषाटीका ॥ सरसों नीमके पत्ते हींग सांपकी काचली और गूगल ये बराबर भागले शरीरपे लेप करै तौ दैवदोषज्वर दूर होई ॥ १३ ॥

अथ एकान्तरज्वरावलेहः ॥

रसं धत्तूरपत्रस्य पलार्धं दधिना सह ॥

पीत्वामधुयुतं हन्ति महदेकान्तरज्वरम् ॥ १४ ॥

भाषाटीका ॥ धतूरेके पत्तोंका रस पैलार्ध और दही मिलाय खाय अथवा सहतके संग खाय तौ बलवान् एकान्तर ज्वर मिटै ॥ १४ ॥

अथ सन्निपातज्वरे कषायः ॥

भूनिम्बनिम्बामृतदारुपथ्या कृष्णा निशा
युग्मफलत्रयंच ॥ वातारिमूलं त्रिकटुप्रियंगू रास्नार्कमूलं क्रिमिशत्रुतिक्तैः ॥ १५ ॥
एतेषां विहितं क्काथं दशमूलयुतं पिबेत् ॥
मरुत्पित्तकफोद्भूतां सन्निपातरुजं हरेत् ॥ १६ ॥

भाषाटीका ॥ चिरायता नीमकी छाल गिलोय देवदारु हरड पीपल हरदी दोऊ त्रिफला अंडकी जड सोंठ मिर्च पीपल कांगुनी रास्ना आककी जड वायविडंग कुटकी ॥ १५ ॥ याके संग दशमूल लै क्काथकर पीवे सो वात पित्त और कफसों भये सन्निपातको हरै ॥ १६ ॥

अथ तृतीयज्वरोपायः ॥

रवौशतावरीमूलं कन्यासूत्रेण वेष्टितम् ॥
स्थितं करे च कंठेतु तृतीयज्वरनाशकृत् ॥ १७ ॥

भाषाटीका ॥ रविवारको शतावरकी जड कन्याके हाथसो कते सूतसों लपेट कंठमें वा हाथमें बाँधे तौ तृतीयज्वर नाश होई ॥ १७ ॥

१ यहां पलार्ध नहीं लेनो. २यह और देशकी होतीहै.

अथ कासश्वासक्काथः ॥

कृष्णामृतानागरदारुसिंहीभार्गीधनाग्रंथिक-
पुष्कराह्वैः ॥ सश्वासकासेन युते ज्वरेपि
कृतः कषायः पवनापहारी ॥ १८ ॥

भाषाटीका ॥ पीपल गिलोय सोंठ देवदारु कटेरी भारंगी धनियां पीपलामूल पोहकरमूल ये सब बराबर भागले काढाकर पीवे सों श्वासकासज्वरसहित वादीको दूर करै १८॥

अथ अतीसारज्वरे ॥

विश्वासर्जरसोपेता धातकी श्रीसमानकैः ॥
चूर्णं शीतोदके पानादतीसारज्वरं हरेत् ॥ १९ ॥

भाषाटीका ॥ सोंठ राल और धाईके फूल ये बराबर ले ठंडे पानीके संग फांकवे सों अतीसारज्वर दूर होई ॥ १९ ॥

अथ सर्वज्वरे अंजनम् ॥

हिंगुनिम्बस्य बीजंतु कृष्णसर्पस्य कंचुकी ॥
संघृष्टं खरमूत्रेण चाञ्जनं सर्वतापजित् ॥ २० ॥

भाषाटीका ॥ हींग नीमकी मींगीकी मींगी कारे सर्पकी काचुली इनको गधाके मूत्रमें घिस नेत्रमें अंजनकरे सों सबतरहके ज्वर दूर होई ॥ २० ॥

सर्वज्वरे लेपः ॥

किरातं लवणं शुंठी कुष्ठचंदनवालकैः ॥
वस्त्रेण गालितो लेपः सर्वज्वरविनाशकृत् ॥ २१ ॥

भाषाटीका॥ चिरायतौ सैंधानोन सोंठ कूट चंदन लाल-नेत्रवाला ये बराबर भाग लै घोंट कपडामें छान लेप करने सों सब भांतिके ज्वरनको नाश होई ॥ २१ ॥

अथ सर्वज्वरे गुटिका ॥

टंकणं मरिचं कृष्णाहंसपाकविषं समम् ॥
आर्द्रोदकेन दातव्या गुटी सर्वज्वरापहा ॥ २२ ॥

भाषाटीका॥ सुहागो, मिरच, पीपल, हिंगुलू तेलिया मीठो शुद्ध इनको बराबर भाग ले ताको अदरखके रसमें गोली बांध देवे सो सब तरहको ज्वर मिटै ॥ २२ ॥

अथ सर्वज्वरे चूर्णम् ॥

दीप्याभयारामठवह्निविश्वाः
क्षारद्वयं जीरकयुग्मकृष्णा ॥
फलत्रयं संचलसैंधवं च
कृतंहि चूर्णं ज्वरनाशकारि ॥ २३ ॥

भाषाटीका ॥ अजवाइन, हरड, हींग, चित्रक, सोंठ, दोनों खार, जीरे दोऊ, पीपल, हरड, बहेडा, आंवला, कारा नोन, सैंधानोन, ये सब बराबर भाग ले ताको चूर्णकर फाँकवे सो सब भाँतिके ज्वर नाश होई ॥ २३ ॥

अथ सर्वज्वरे क्वाथः ॥

छिन्नोद्भवानागरनिम्बवासा-
तिक्ताभयापुष्करभृंगधन्वैः ॥

कृतः कषायो मधुना विमिश्रः
सर्वज्वरं शान्तिमयं नयेच्च ॥ २४ ॥

भाषाटीका ॥ गिलोय, सोंठ, नीमकी छाल, अडूसो, कुटकी, हरड, पोहकरमूल, भांगरा, धमासा, ये सब बराबर भाग ले क्काथकर सहतके संग पीवे सो सब तरहके ज्वर दूर होयँ ॥ २४ ॥

अथ ज्वरारिरसः ॥

गंधकं स्वर्णबीजानि तालनागरसोषणैः ॥
मनःशिलाच कारेलीरसेन गुटिका कृता ॥ २५ ॥
शृंगवेररसेनैका दत्ता सर्वज्वरापहा ॥
आध्मानं स्यति मंदाग्निकफव्याधिविनाशिनी २६
इति श्रीवैद्यवल्लभेहस्तिरुचिकविरचिते सर्वज्वरप्रतीकारनिरूपणो नाम प्रथमो विलासः ॥ १ ॥

भाषाटीका ॥ गंधक, धतूरेके बीज, हरताल, तेलिया, मीठौ, पारौ, मिर्च, स्याह, मनशील, ये सब बराबर भाग ले एकत्रकर करेलाके रसमें गोली बांधे ॥ २५ ॥ ये गोली एक अदरखके रससों देनी तौ सब ज्वरनको दूर करै और अफारा अति मंदाग्नि कफकी बीमारीनको नाश करै ॥ २६ ॥

इतिश्रीवैद्यवल्लभे मथुरास्थदक्षगोत्रोद्भवचातुर्वेदिशर्मा राधाचंद्रकृतव्रजभाषाटीकायां सर्वज्वरप्रतीकारनिरूपणो नाम प्रथमो विलासः ॥ १ ॥

अथ युवतीरोगाधिकारः ॥ गर्भधारणप्रयोगः ॥

सगर्भामहिषीदुग्धमजामूत्रेण या पिबेत् ॥
सानारीलभतेगर्भमेतद्धस्तिकवेर्मतम् ॥ १ ॥

भाषाटीका॥ ग्याभनभैंसको दूध बकरीके मूत्रके संगपीवे सो स्त्रीके गर्भ रहै ये प्रमाण हस्तिकविके मतका है ॥ १ ॥

पुनः ॥

ऋतौरुद्रजटांनीत्वागोघृतेन च या पिबेत् ॥
सानारीलभतेगर्भमेतद्धस्तिकवेर्मतम् ॥ २ ॥

भाषाटीका ॥ रजस्वलाभई लुगाई वड़की जटा लाय गऊके घृतमें पीवे सो नारीके गर्भरहै नईस्त्री जवानके संभोगसों ये प्रमाण हस्तिकविके मतको है ॥ २ ॥

पुनः ॥

नागकेशरसंयुक्तंजीरकंगोघृतेनच ॥
त्रिदिनंयापिबेन्नारी सगर्भा भामिनी भवेत् ॥ ३ ॥

भाषाटीका ॥ नागकेशर और जीरों ये गायके घीमें तीनदिन पीवे लुगाई तौ गर्भ रहजाय ॥ ३ ॥

पुनः ॥

समूलपत्रसर्पाक्षीरविवारेसमुद्धरेत् ॥
एकवर्णगवांक्षीरैःकन्याहस्तेनमर्दयेत् ॥ ४ ॥
ऋतुकालेपिबेद्वन्ध्यापलार्धंदिनसप्तकम् ॥

---

१ नवतारुण्यसंगमेइतिपाठान्तरम् ॥

क्षीरशाल्योदनं पीत्वा मिष्टाहारं प्रदापयेत् ॥ ५ ॥
उद्वेगभयशोकार्त्तिदिवानिद्रादि वर्जयेत् ॥
न कर्म क्रियते किञ्चिदाद्यासि शीततापयोः ॥ ६ ॥
एवं सप्तदिनं कुर्याद्वंध्या भवति गर्भिणी ॥

भाषाटीका ॥ दीतवारके दिन जड पत्ता समेत, सर्पाक्षि याको व्रज भाषामें सितार कहे हैं ताको उखाड एक रंगकी गायके दूधमें कन्याके हाथसों पिसवावै ॥ ४ ॥ तामेंसे एक आध पल बांझ लुगाई सात दिन छीमनेमें पीवे तापें दूध गायको चावल सांठी और सब मीठी चीज खानी ॥ ५ ॥ और उद्वेग चिन्ता भय दिनमें सोनों वगैरे मनें है और सरदी गर्मी धूप न सहनी ॥ ६ ॥ ऐसे सात दिन करवे सो बांझ लुगाई गार्भिणी होई ॥

पुनः ॥

चक्रांकां वारिणा पीत्वा सगर्भा भामिनीभवेत् ॥ ७ ॥

भाषाटीका ॥ कबईको पानीके संग पीवे सो नारी गर्भवती होय ॥ ७ ॥

पुनः ॥

पार्श्वपिप्पलबीजस्य चूर्णंखंडघृतेनच ॥
या पिबेदृतुकालेषु सानारी लभते सुतम् ॥ ८ ॥

भाषाटीका ॥ पारस पीपलके बीजनको चूर्ण खांड और घीके संग याको पीवै छीमने भये तो वा लुगाईको बेटा होय ॥ ८ ॥

अथ गर्भवृद्धिप्रयोगः ॥

धातकीपुष्पनीरं तु प्रदेयं सितयासह ॥
दिनत्रयमतोनार्याः पतद्गर्भश्च तिष्ठति ॥ ९ ॥

भाषाटीका ॥ धायके फूल और मिश्री ठंडे जलसों तीन दिन लुगाई पीवै तो पडता गर्भ ठेर जाय ॥ ९ ॥

पुनः ॥

तिलाश्च शर्करा पद्मकंदं च मधुनान्वितम् ॥
सदास्य भक्षणान्नार्याः पतद्गर्भश्च तिष्ठति ॥ १० ॥

भाषाटीका ॥ तिल मिश्री कमलकंद ये सहतमें मिलाय सदा याकों खाय तौ तासों गिरता गर्भ ठैरे ॥ १० ॥

पुनः ॥

वरी विश्वाश्वगंधा च मधुकं भृंगराट् समैः ॥
अजादुग्धेन पानाच्च नार्या गर्भस्य वृद्धिकृत् ॥ ११ ॥

भाषाटीका ॥ शतावर सोंठ असगंध जेठीमधु भाँगरौ ये समान भागलै बकरीके दूधसों पीवे तौ लुगाईको गर्भ बढै ॥ ११ ॥

पुनः ॥

शीतोदकेन देयानि जाशूसकुसुमानिच ॥
तस्माद्भवति नारीणां गर्भवृद्धिः सुनिश्चिता ॥ १२ ॥

भाषाटीका ॥ जाशुकीके फूल ठंडे जलके संग देय तौ सो लुगाइके गर्भकी वृद्धि निश्चय होई ॥ १२ ॥

अथ योनिसंकोचप्रयोगः ॥

कटुतुंबीसुपत्राणि लोध्रयुक्तानि मर्दयेत् ॥
धारयेद्वटिकां तस्माद्योनिसंकीर्णताभवेत् ॥ १३ ॥

भाषाटीका ॥ कडुई तूंबीके पत्ता और लोध ये मिलायके पीस गोलीकर योनिमें धरे तौ ताकी योनि सुकडजाय ॥ १३ ॥

पुनः ॥

त्रिफला विजया लोध्रः सदुग्धा दाडिमत्वचा ॥
समांशैश्चूर्णयेत्सर्वं तत्कारीरसभावितम् ॥ १४ ॥
पश्चात्तस्य गुटीं कृत्वा नक्तं वा धारयेद्भगे ॥
तस्माद्भवति संकीर्णं सुंदर्याः स्मरमन्दिरम्॥ १५ ॥

भाषाटीका ॥ हरड बहेडे आँवरे भाँग लोध दूधी अनारकी छाल ये बराबर भागले अरणीके रसमें घोटे ॥ १४ ॥ पीछे गोली बांध रातको भगमें धरें तो ता लुगाईकी योनि सुकडजाय ॥ १५ ॥

अथ स्त्रीधातुरोगे ॥

धात्री धन्वकनीरं तु शर्कराजीरकेनच ॥
भामिनी गर्भवीर्यस्य बंधं सृजतिसत्वरम् ॥ १६ ॥

भाषाटीका ॥ आवरे धमासौ नेत्रवालौ मिश्री और जीरौ ये समान भागलै ताकौ चूर्णकर फाकवेसों स्त्री जल्दी वीर्यको छोडे ॥ १६ ॥

पुनः ॥

मधुकैलाबीजं पथ्याक्काथो गोक्षुरकैः समम् ॥
प्रतिवाससितादानात्सुन्दर्या धातुरोगजित् ॥ १७॥

भाषाटीका ॥ जेठीमधु इलायचीके बीज हरड गोखरू पटवास ये बराबर भाग लै क्काथकर मिश्री गेरके पीवेसों स्त्रीको धातुरोग मिटै ॥ १७ ॥

गर्भपातप्रयोगः ॥

विश्वौषधात्पंचगुणं रसोनकमुत्कालय नारीं
त्रिदिनंप्रपाययेत् ॥ गर्भस्यपातःप्रभवेत्सुखेन
योगोयमाद्यःकविहस्तिनामतः ॥ १८ ॥

भाषाटीका ॥ सोंठ वासो पाचगुणी रसोनक इनको उबाल स्त्री तीन दिन पीये तौ वाकौ गर्भ गिरपड़े आनंद होइ ये योग आदि कविहस्तिको मतहै ॥ १८ ॥

पुनः ॥

पिप्पलीपिप्पलीमूलंक्षुद्रानिर्गुण्डिकासमैः ॥
गवाक्षीसंयुतःक्काथोनार्यागर्भस्यनाशकृत् ॥ १९ ॥

भाषाटीका ॥ पीपल पीपलामूल कटेरी निर्गुण्डी और फरफेदूके संग इनकौ बराबर भाग लै क्काथकर पीवेसों स्त्रीके गर्भको नाश होई अर्थात् गिर पडे ॥ १९ ॥

पुनः ॥

गुंजाचूर्णंसमादायजलेनपलमानतः ॥

---

१ लस्सनको रसोन कहैहैं ॥

त्रिदिनंक्रियतेनार्यागर्भपातोभवेद्ध्रुवम् ॥ २० ॥

भाषाटीका ॥ रत्तीकौ चूर्णलेकर एक पल जलेके संग तीन दिन करे तौ नारीकौ गर्भ अवश्य गिरपडे ॥ २० ॥

पुनः ॥

अतसीतैलमुत्कालयगुडयुक्तंप्रदापयेत् ॥
गर्भपातोहिनारीणांसद्योभवतिनिश्चितम् ॥ २१ ॥

भाषाटीका ॥ अलसीकौ तेल गरमकर गुड मिलायके देय तौ गर्भ गिर पडे स्त्रीकौ जल्दी अवश्य ॥ २१ ॥

पुनः ॥

गुग्गुलंपलमानंतु तैलेनोत्कालययापिबेत् ॥
सानारी निजगर्भस्य सुखेन पतनं चरेत् ॥ २२ ॥

भाषाटीका ॥ गूगल एकपलमान अलसीके तैलमें गरमकर याकों पीवे सो नारी अपने गर्भको सुखसो गेरे ॥ २२ ॥

पुनः ॥

गवाक्षीमूलमादाय धारयेत्स्मरमन्दिरे ॥
भ्रूणपातो भवेत्स्त्रीणां योगोयं कविहस्तिना ॥ २३ ॥

भाषाटीका ॥ फरफेंदूकी जड लायके योनिमें धरै तौ गर्भ गिरे लुगाईकौ ये योग हस्तिकविको है ॥ २३ ॥

पुनः ॥

शिवाफलस्य बीजं तु पलमात्रं दिनत्रयम् ॥
सितया समदानाच्च स्त्रीणां पुष्पं च गच्छति ॥ २४ ॥

भाषाटीका ॥ हरडकी मींगी एक पल मान तीन दिन मिश्रीके संग बराबर देतौ स्त्री रजस्वला नहीं होई ॥ २४ ॥

पुनः ॥

दुग्धामूलमजादुग्धं कामिन्यादिवसत्रयम् ॥
कारितं कविना सम्यक्स्त्रीणां पुष्पं निवर्तते॥२५॥

भाषाटीका ॥ दूधीकी जड बकरीयाको दूध लुगाई तीन दिन पीवो कर तौ कविकहै हैं कि स्त्री रजस्वला नहीं होई ॥ २५ ॥

पुनः ॥

पुष्यार्केस्वर्णमूलं तु गृहीत्वा कटिबंधनम् ॥
कदानोत्पद्यते गर्भो रंडावेश्यादियोषिताम् ॥२६॥

भाषाटीका ॥ पुष्यार्क योगपर धतूरेकी जड लैकर कमरमें बाँधेतौ कभू गर्भ नहीं रहै राँड रंडी वगैरे लुगाईनकें२६।

पुनः ॥

रक्षां पलाशबीजस्य पीत्वा शीतेन वारिणा ॥
नभ्रूणं लभते नारी श्रीहस्तिकविना मतः ॥ २७ ॥

भाषाटीका ॥ पलाशके बीजकी राख शीतल पानीसों पीवे तो गर्भ नहीं रहै लुगाईकें श्रीहस्तिकविको मत है २७॥

पुनः ॥

उत्काल्या बदरीलाक्षां तैलेन सह या पिबेत् ॥
द्विकर्षमात्रा सा नारी न गर्भं लभते पुनः॥ २८ ॥

भाषाटीका ॥ बेर और लाखको तेलमें उबाल याको पीवे दो कर्ष मात्र तो वौ नारी फिर गर्भ नहीं धारण करै ॥२८॥

पुनः ॥

रामठेन युतं तैलं या पिबेद्दिनपंचकम् ॥
हस्तिना कथितं तस्मात्कदा गर्भो न जायते॥२९॥

भाषाटीका ॥ हिंगके संग तेलको पीवे पाँच दिन तो हस्तिकवि कहे हैं कि ताके कभी गर्भ होय नहीं ॥ २९ ॥

पुनः ॥

गुडतैलेन संयुक्तं चूर्णं चित्रकसंभवम् ॥
त्रिदिनं कार्यते नार्या पुनर्गर्भो न जायते ॥३०॥

भाषाटीका ॥ गुड तेल यामें चित्रकको चूर्ण मिलाय तीन दिन याको खायो करे तो स्त्रीके फिर गर्भ नहीं रहे॥३०॥

पुनः ॥

कारेल्लीरसपानाच्च माषाजीर्णगुडेनच ॥
शुष्कजाशूसपुष्पाणि त्रिभिर्गर्भो न जायते॥३१॥

भाषाटीका ॥ करेलाके रसको पीवे अथवा उर्द पुरानो गुड खाय अथवा सूखे जाशुकीके फूल इन तीन योगनसों गर्भ रहे नहीं ॥ ३१ ॥

अथ वातप्रदरोपायः ॥

कलिंगोऽतिविषाव्योषं बिल्वं मुस्ता च धातुकी ॥
चूर्णमेषांकृतं नार्या रक्तस्रावं हरेद्ध्रुवम् ॥ ३२ ॥

भाषाटीका ॥ इंद्रजौ, अतीस, सोंठ, मिर्च, पीपल, बेल, नागरमोथा और धायके फूल, इनको चूर्णकर स्त्री खाय तो रक्तस्रावको निश्चय दूर करै ॥ ३२ ॥

पुनः ॥

जलेनकेतकीमूलं संघृष्य सितया सह ॥
कारितं कविना नार्या रक्तस्रावं निवर्त्तते ॥ ३३ ॥

भाषाटीका ॥ केतकीकी जड पानीके संग घिस मिश्री मिलाय पीवे सों स्त्रीकी योनिसूं लोहू गिरतौरहै ॥ ३३ ॥

अथ लोमपातप्रयोगः ॥

केशानुत्पाट्य पूर्वंहि स्नुहीदुग्धं प्रलेपयेत् ॥
कविना कथितं सम्यक् योनिलोमविशान्तये३४॥

भाषाटीका ॥ बालनकों उखाड पहलें ता ऊपर थूहरनो दूधलेपकर देय योनि पर तौ कवि कहैहैं कि, स्त्रीके बाल नहीं आवें ॥ ३४ ॥

पुनः ॥

सुधाकुक्कुटविष्ठाच शृंखला कनकं रसम् ॥
अश्वमूत्रेण संलेपो लोमनाशस्तदाभवेत्॥ ३५ ॥

भाषाटीका ॥ चूनो कलीको मुरगाकी बीठ संखला धतूरेको रस और घोडाको मूत्र लेप करै तौ तासों बालनको नाश होई ॥ ३५ ॥

नष्टपुष्पआगमनप्रयोगः ॥

हिंगुसौवर्चलं व्योषं भार्ङ्गी चूर्णं समानकैः ॥

उष्णनीरेण नारीणां नष्टपुष्पं लभेत्पुनः ॥ ३६ ॥

भाषाटीका ॥ हींग कारौनोन सोंठ मिर्च पीपल भारंगी ये समान भाग लेकर चूर्ण करै गरमजलसों फाँकवेसों स्त्री रजस्वला होनो बंदगयो भयो फिर आवे ॥ ३६ ॥

अथ योनिशोफरोगे लेपः ॥

शुंठीपुनर्नवामूलं संघृष्टं छागसर्पिषा ॥
लेपतो नरसंगोत्थं योगशोफं हरेध्रुवम् ॥ ३७ ॥

भाषाटीका ॥ सोंठ सांठकी जडको बकरीके घीमें घिस लेप करवेसों स्त्रीकी योनिपर पुरुषके संगतों भई सूजनको हरैहै ॥ ३७ ॥

अथ सूतिकारोगे क्वाथः ॥

तिक्तदारुवचाशिग्रुत्रिकटूरविमूलकैः ॥
दशमूलयुतः क्वाथः सूतिकासर्वरोगजित् ॥ ३८ ॥

भाषाटीका ॥ कुटकी देवदारु वच सहजनों सोंठ मिर्च पीपल आकको जड ताके संग दशमूल याको काढौ कर पीवेसों सूतिकाके सर्व रोग मिटैं ॥ ३८ ॥

अथ प्रदररोगे ॥

सिता सर्जरसोपेता त्रिफला नीरपानतः ॥
उष्णवातंच प्रदरं स्त्रीणां पित्तरुजं हरेत् ॥ ३९ ॥

इति श्रीवैद्यवल्लभे हस्तिरुचिकविविरचिते स्त्रीरोगप्रतीकारो नाम द्वितीयो विलासः ॥ २ ॥

भाषाटीका ॥ मिश्री राल, त्रिफला ये बराबर लै पानीमें पीवे सों गरम वात प्रदर स्त्रीकी पित्तकी पीडा मिटै ३९

इति श्रीवैद्यवल्लभे मथुरास्थदक्षगोत्रोद्भवचातुर्वेदि राधाचंद्रशर्मकृतव्रजभाषाटीकायां स्त्रीरोगप्रतीकारो नाम द्वितीयो विलासः ॥ २ ॥

अथ कासश्वासे गुटिका ॥

पारदं गंधकं नागं सव्योषैः सानलैः समम् ॥
शिग्रुरसेन संचूर्ण प्रदेयाभावना दश ॥ १ ॥
नागपत्ररसेनैव चार्द्रकस्य रसेनच ॥
बेलप्रमाणा कफजित्कार्या सा गुटिकोत्तमा॥ २ ॥
मंदाग्निकफरोगेषु कासश्वासे विशेषतः ॥
आध्मानपवनार्तौच प्रदेया सुखकारिणी ॥ ३ ॥

भाषाटीका ॥ पारो,शुद्धगंधक,शुद्धतेलीया, मीठो शुद्ध और सोंठ मिर्च पीपल चित्रक ये बराबर ले सहजनेके रसकी दश पुट दैनी ॥ १ ॥ तापीछे नागरपानके रसमें तथा अदरखके रसमें घोट मिर्चके बराबर गोली बनानी ये गोली उत्तम कफको जीते ॥ २ ॥ और मंदाग्नि कफके रोग कास श्वासको विशेष कर और अफरा वादीवारेको देवे सो सुखी होइ ॥ ३ ॥

कफश्वासे गुटिका ॥

लवंगमरिचैस्तुल्यैस्त्रिफलासारतः समैः ॥

बंबूलस्य त्वचा कार्या गुटी श्वासकफापहा ॥४॥

भाषाटीका ॥ लौंग, मिरच, हरड, बहेडे, आवरे और सार ये सब बराबर भाग ले बंबूलकी छालके रसमें तथा काढेमें गोली करनी ये गोली श्वास कफको दूर करे ॥ ४ ॥

पुनः ॥

लवंगत्रिकटुनागशृंगीक्षुद्राविभीतकैः ॥
कन्यारसेन गुटिका कासश्वासनिवारिणी ॥ ५ ॥

भाषाटीका ॥ लौंग, सोंठ, मिरच, पीपल, तेलिया मीठो, काकडासिंगी, कटेरी और बहेडे इनको बराबर भाग ले ग्वारपाठेके रसमें गोली बांधे ये गोली श्वास कफको दूर करे है ॥ ५ ॥

त्रिकटु टंकणं नागं पत्रेण क्रियते गुटी ॥
वेल्लप्रमाणा कफजिन्नाम्ना त्रिपुरभैरवी ॥ ६ ॥

भाषाटीका ॥ सोंठ, मिर्च, पीपल, सुहागो, तेलिया मीठो ये बराबर भाग ले नागरपानके रसमें गोली करनी मिर्चके बराबर तो कफको जीते याको नाम त्रिपुरभैरवी गुटिका है ॥ ६ ॥

अथ कासश्वासे चूर्णम् ॥

त्रिकटु त्रिफला वेल्लरास्नादारुबलान्वितैः ॥
सक्षौद्रेण कृतं चूर्णं कासश्वासकफापहम् ॥ ७ ॥

भाषाटीका ॥ सोंठ, मिर्च, पीपल, हरड, बहेडे, आवरे

वायविडंग,रास्ना,देवदारु और खिरेटी ये बराबर भाग ले ताको चूर्णकर सहतके संग खायवेसों कास श्वास कफ इनको दूर करे ॥ ७ ॥

अथ कासश्वासे क्वाथः ॥

वासानागरमुस्तानि भार्ङ्गी भूनिम्बनिम्बजैः।
मधुनासहितः क्वाथः श्वसनं कसनं हरेत् ॥ ८ ॥

भाषाटीका ॥ अडूसो, सोंठ, नागरमोथा, भारंगी, चिरायतौ, नीमकी छाल ये सब बराबर भाग ले काढाकर सहतके संग पीवेसो कास श्वासको दूर करे ॥ ८ ॥

अथ कासश्वासे गुटी ॥

फलत्रयं नागरदारु कृष्णा विषाभयावेल्लसुवर्णबीजैः।
दिनत्रयं भृंगरसैर्विमर्द्य कार्यागुटी श्वासकफापहारी ॥

भाषाटीका ॥ हरड़, बहेडे, आवरे, सोंठ, देवदारु, पीपल, वेलिया मीठो, शुद्धतेनो, हरड; मिर्च धतूरेके बीज ये सब समानभाग ले तीनदिन भांगरेके रसमें घोट गोली करनी ये गोली श्वास कफको दूर करे है ॥ ९ ॥

अथ कासश्वासावलेहः ॥

सगुडः कटुतैलेनावलेहः श्वासकासजित् ॥
यथाक्षौद्रान्वितं व्योषचूर्णं श्वासकफापहम् ॥ १० ॥

भाषाटीका ॥ गुड कडुएतेलमें औंटाय चाटवे सों

श्वास कास मिटै ऐसेही सहतमें सोंठ मिरच पीपलको चूर्ण गेर चाटवेसों श्वास कफ दूर होय ॥ १० ॥

पुनः ॥

वेल्लयुग्मं स्नुहीदुग्धं गुडयुक्तेन सेवनात् ॥
कासश्वासं क्षयीरोगं हृद्रोगं च प्रणाशयेत् ॥ ११ ॥

भाषाटीका॥ मिरच दोनों थूहरनको दूध गुडके संग सेवन करवेसों कास श्वास क्षयी रोग हृदयरोगको नाशकरे ११ ॥

पुनः ॥

वासारसयुतं क्षौद्रं यो भजेद्दिनसप्तकम् ॥
तस्य धातुक्षयं श्वासकासरोगं विनश्यति ॥ १२ ॥

भाषाटीका ॥ अडूसेके रसमें सहत गेर सातदिन खायवेसों धातुक्षय श्वास कासरोगको नाशकरै ॥ १२ ॥

पुनः ॥

वचाश्वगंधापामार्गतुलसीसर्षपैः समम् ॥
चूर्णं क्षयविनाशाय कारितं कविना नृणाम् ॥ १३ ॥

भाषाटीका ॥ वच, असगंध, औंगा, तुलसी, सरसों ये बराबर ले चूर्णकर खाय तौ खईको नाश होइ ऐसें हस्तिकवि कहै है ॥ १३ ॥

पुनः ॥

अश्वगंधामृताभीरुदशमूलबलावृषा ॥
पुष्करातिविषाक्काथःक्षयकासविनाशकृत् ॥ १४ ॥

भाषाटीका ॥ असगंध, गिलोय, शतावर, दशमूल, खिरेटी, अडूसो, पौकरमूल, अतीस ये सब बराबर भागले काढौकर पीवेसों कासक्षयको नाश करै ॥ १४ ॥

पुनः ॥

पलैकं लवणं नीत्वा सूर्यक्षीरेण मर्दयेत् ॥
खादयेत्तेन चूर्णेन क्षयरोगं सदा हरेत् ॥ १५ ॥

भाषाटीका ॥ एक पल सैंधौनोन लेनो आकके दूधमें मर्दनकर या चूर्णकौं खावै तौ क्षयरोगको दूर करै ॥ १५ ॥

सत्त्वंगुडूच्याहतशुल्बबिल्वैश्चूर्णंहितासास्वरसे-
नदत्तम् ॥ सद्धस्तिनावैक्षयरोगकासश्वासोपशा-
न्तिस्त्रिदिनंस्फुटंस्यात् ॥ १६ ॥

भाषाटीका ॥ गिलोयको सत्व माग्यो तांबो बेल ये समान भाग लै चूर्ण कर अडूसेके रसमें तीन दिन घोट देवेसों क्षयरोग और कास श्वासको शान्ति करे ये हस्ति-कवि कहेहैं ॥ १६ ॥

अथ शोफरोगे लेपः ॥

पुनर्नवानिम्बविश्वासपटोलजलेनच ॥
संघृष्यक्रियतेलेपःसद्यःशोफविनाशकृत् ॥ १७ ॥

भाषाटीका ॥ साँठीकी जड, नीमकी छाल, सोंठ और पटोलपत्र जलमें घिस लेप करवेसों जल्दी सूजनको नाश करै ॥ १७ ॥

पुनः ॥

पुनर्नवामृताशुंठीदारुपथ्यासमांशकैः ॥
चूर्णमुष्णाम्बुनापीतंशोफंहन्तिसवेगतः ॥ १८ ॥

भाषाटीका ॥ साँठीकी जड, गिलोय, सोंठ, देवदारु, हरड ये समान भागलै ताको चूर्ण कर गरम जलसों पीवे तौ सूजनकों जल्दी सों दूर करै ॥ १८ ॥

सरामठंसकूष्मांडंसचूर्णटंकणान्वितम् ॥
गुडयुक्तंसदापीतंसद्यःशोफोदरंहरेत् ॥ १९ ॥

भाषाटीका ॥ हींग पेठेको रस सुहागौ ये समान भाग लै इनके चूर्णमें गुड मिलाय सदा पीवेसों जल्दी पेटकी सूजनकों दूर करै ॥ १९ ॥

पुनर्नवाभयादारुवातशत्रुसमांशकैः ॥
गोमूत्रेणकृतःक्वाथःशोफजिद्धस्तिनामतः ॥ २० ॥

भाषाटीका ॥ साँठीकी जड, हरड, देवदारु, अंडकी जड, ये समान भाग लै गायके मूत्रमें काढौकर पीवै तो सूजन दूर होइ यो हस्तिकविको मतहै ॥ २० ॥

पुनः ॥

सैन्धवाज्याभयादानाद्गोमूत्रेणच पिप्पली ॥
दुग्धेन महिषीमूत्रं त्रिभिः शोफोदरं हरेत् ॥ २१ ॥

भाषाटीका ॥ सैंधानोन, घी, हरड देवेसों और गोमूत्रमें पीपल देवेसों और दूध गायकेमें भैंसको मूत ये तीनों देवेसों पेटकी सूजनको दूरकरें ॥ २१ ॥

अथ विस्फोटकरोगे कषायः ॥

वासामृतारेणुकमुस्तधान्यपटोलशुंठीत्रिफ- ॥
लातथैव ॥ भूनिम्बनिम्बैः क्वथितःकषायो वि-
स्फोटकान् हन्त्यचिरेणरोगान् ॥ २२ ॥

भाषाटीका ॥ अडूसौ गिलोय रेणुका याकी प्रतिनिधि पित्तपापडौ डारेहै, नागरमोथा धनीया पटोल सोंठ हरड बहेडे आंवरे और चिरायतौ नीमकी छाल इनको बराबर भाग लै काढौ कर पीवेसो बहुत दिनका विस्फोटक रोग मिटै ॥ २२ ॥

अथ विस्फोटकरोगे चूर्णम् ॥

दग्ध्वा मार्तंडमूलानि तच्चूर्णं पलमानतः॥
मृततालपुटीयुक्तं दीयते दिनसप्तकम् ॥ २३ ॥
तत्पथ्ये चणका योज्या दुग्धोदनयुतेन वा ॥
विस्फोटवान् प्रकुर्वाणः सशीघ्रंजायते सुखी॥२४॥

भाषाटीका ॥ आकडकी जडकी राख ताको चूर्ण एक पल हरतालकी भस्म पुटयुक्त सातदिन देवे ॥ २३ ॥ तापै पथ्य चना तथा दूध भातके संग देवे तो विस्फोटक रोगवारौ ऐसे करै तौ बहुत जल्दी सुखी होई ॥ २४ ॥

अथ विस्फोटकव्रणरोगे लेपः ॥

एला जाती फलं तुत्थं गोघृतेन च मर्दयेत् ॥
हस्तिना कथितं हन्ति लेपाद्विस्फोटकव्रणम्॥२५॥

भषाटीका ॥ इलायची जायफल नीलाथोथौ ये बराबर भागलै गायके घीमें मिलाय लेप करवेसों हस्ति-कवि कहैहैं कि विस्फोटकव्रण दूर होई ॥ २५ ॥

अथ विस्फोटकरोगे गुटी ॥

गुटी स्नुह्याश्च दुग्धेन पिष्ट्वा जीरकतन्दुलान् ॥
पथ्यायुक्तेन पानाच्च विस्फोटकरुजं हरेत् ॥२६॥

भाषाटीका ॥ थूहरके दूधके संग जीरौ चावल पीस तामें हरड मिलाय गोली खाय तो विस्फोटकको दर्द दूर होई ॥ २६ ॥

अथ पामारोगे लेपः ॥

सिन्दूरं गंधकं तुत्थं सूतं धात्रीं विमर्दयेत् ॥
गोघृतेनकृतालेपात्पामागच्छति सत्वरम् ॥ २७ ॥

भाषाटीका॥सिन्दूर गंधक नीलाथोथौ पारौ आवरे इन-को गौके घीमें मर्दनकर लेप करवेसों पामा जल्दी जाय२७॥

पुनः ॥

दद्रुघ्नं तंदुलालाक्षा गोतक्रेणच मर्दयेत् ॥
पश्चादालेपतो हन्ति पामादद्रुव्रणव्यथाम् ॥ २८ ॥

भाषाटीका ॥ पवारके बीज, चावल, लाख, इनको गौकी छाछमें मर्दन करे पीछे लेप करे तो पामा दाद फोडा की पीडा मिटै ॥ २८ ॥

अथ रक्तपित्तरोगे उपचारः ॥

मृततालं शुभं नीत्वा शिग्रुरसमन्वितम् ॥

पथ्यायुक्तेन दातव्यं रक्तपित्तविनाशकृत् ॥२९॥

भाषाटीका॥ मरीभई हरताल, अच्छी लेनी सहँजनेकी पुट दे हरडके संग देवे सों रक्तपित्तको नाश करै ॥ २९ ॥

पुनः ॥

शर्कराछागदुग्धेच कारितं दिवसान् दश ॥
रक्तपित्तविनाशाय सद्धस्तिकविनामतः ॥ ३० ॥

इति श्रीवैद्यवल्लभे हस्तिरुचिकविविरचिते क्षयशोथसमीरविस्फोटकपामादद्रुरक्त-पित्तप्रभृतिप्रतीकारो नाम तृतीयो विलासः ॥ ३ ॥

भाषाटीका ॥ मिश्री बकरीको दूध मिलाय करके दश दिन पीवे तो रक्तपित्तको विनाश होई ये हस्तिकवि-कौ मत है ॥ ३० ॥

इति श्रीवैद्यवल्लभे श्रीमधुपुरीस्थदक्षगोत्रोद्भव-राधाचंद्रशर्मकृतव्रजभाषाटीकायां क्षयशोथ-समीरविस्फोटकपामादद्रुरक्तपित्तप्रभृति-प्रतीकारोनाम तृतीयो विलासः ॥३॥

अथ बलवीर्यवर्द्धनो मोदकः ॥

अश्वगंधातिलामाषागुडसार्पिर्महौषधैः ॥
मोदको भक्षितः प्रातर्बलवीर्यस्य वृद्धिकृत् ॥१॥

भाषाटीका॥ असगंध तिल उरद गुड घी सोंठ ये बराबर

भागले मोदकर प्रातसमें खायवेसो बल और वीर्यको बढावे ॥ १ ॥

पुनः ॥

मर्कटीगोक्षुराभ्यां च शाल्मलीशर्करामलैः ॥
आलोड्य मधुदुग्धाभ्यां भक्षणाद्वीर्यवृद्धिकृत् ॥२॥

भाषाटीका ॥ कोंचके बीज गोखरू सेमरको मूसरा मिश्री आवरे इनको सहत और दूधमें मिलाय खायवेसों वीर्यकी वृद्धिकरे ॥ २ ॥

पुनः ॥

सदुग्धमुच्चटामूलं यो भजेद्दिनसप्तकम् ॥
सपुमाञ्छतनारीणां भोगं सृजति सत्वरम् ॥ ३ ॥

भषाटीका ॥ दूधके संग उटंगनकी जड़ याकी प्रतिनिधिमें गुञ्जाकी जड लेनी, सातदिन खायवेसों पुरुष सौ स्त्रीनको भोगकर सके जल्दीसों ॥ ३ ॥

पुनः ॥

गुञ्जागोक्षुरकैश्चूर्णं मर्कटीबीजशर्करा ॥
दुग्धेन मिश्रितं कृत्वा सद्धस्तिकविना मतः ॥४॥
तदौषधं पलार्धंतु यः पुमान्निशि भक्षयेत् ॥
तस्य वीर्यस्य वृद्धिः स्याद्बलंरूपं विशेषतः ॥५॥

भाषाटीका ॥ रत्ती शुद्ध गोखरु कोंचके बीज मिश्री इनको चूर्ण दूधमें मिलायके हस्तिकविको मतहै ॥ ४ ॥

कि ता औषधमें सों आधपल रात्रिको पुरुष खाय तौ ताकें वीर्य बढै बलरूप विशेष करके बढै ॥ ५ ॥

पुनः ॥

तिलगोक्षुरयोश्चूर्णमजादुग्धेन पाचितम् ॥
शीतलं मधुसंयुक्तं बलवीर्यस्य वृद्धिकृत् ॥ ६ ॥

भाषाटीका ॥ तिल गोखरूकौ चूर्ण बकरीके दूधमें औटाय शीतलकर सहतके संग पीवेसों बलवीर्यकी वृद्धिकरे६ ॥

गोघृतशीतलंवारिसुभोज्यं च नवाङ्गना ॥
दुग्धपानंसदास्नानंपडेतेगात्रपुष्टिदाः ॥ ७ ॥

भाषाटीका ॥ गायको घी, ठंडो पानी, मीठे भोजन, बाला स्त्री नई दूधकौ पीवो निरन्तर न्हायवौ । ये छैहू शरीरको पुष्टाई देवेवारीहैं ॥ ७ ॥

कृष्णमुशलीकंदस्यचूर्णंतुगोघृतेनच ॥
नरोनित्यंप्रकुर्वाणोगतकामंलभेत्पुनः ॥ ८ ॥

भाषाटीका ॥ कारी मुशलीकौ कन्द चूर्ण कर गौके घीमें खायो नित्यकरे पुरुष तौगयोभयो काम फिरमिलै॥ ८ ॥

मुशलीकंदचूर्णंतु पलार्द्धमुच्चटातथा ॥
दुग्धेनसहपातव्यं गतधातुप्रमेहजित् ॥ ९ ॥

भाषाटीका ॥ मूशलीके कंदको चूर्ण आधपल उटंगन आध पल दूधमें गेर पीवेसों गईभई धातुको बढावे और प्रमेहकों जीते ॥ ९ ॥

पञ्चाङ्गगोक्षुरंचूर्णंशर्करादुग्धमिश्रितम् ॥
कारितंहस्तिकविनागतधातुप्रशान्तये ॥ १० ॥

भाषाटीका ॥ गोखरूकौ पञ्चाङ्ग लै चूर्ण कर दूध मिश्रीमें मिलाय पीयो करे तौ हस्तिकवि कहै कि गई धातु-को शान्ति करै ॥ १० ॥

अथ प्रमेहरोगे उपचारः ॥

ससितामर्कटीदुग्धावरीविश्वासमानकैः ॥
भक्षणात्त्रिदिनंहन्तिसद्योमेहंसुदुस्तरम् ॥ ११ ॥

भाषाटीका ॥ मिश्री कौंचके बीज दूधी शतावर सोंठ ये बराबर भागले खाय तीन दिन तौ दुस्तर प्रमेहको झट दूर करै ॥ ११ ॥

पलाशवृक्षपुष्पाणिसितयावंगसंयुतम् ॥
कारितंहस्तिकविनापित्तमेहप्रशान्तये ॥ १२ ॥

भाषाटीका ॥ पलाशकी फूल मिश्री वंगेश्वर मिलाय के खायो करै तौ हस्तिरुचिकवि कहै कि पित्तप्रमेहको शान्ति करै ॥ १२ ॥

अथ सकलप्रमेहरोगे उपचारः ॥

हेमबीजविषवंगपारदं हंसपाकबलिनासमन्वितम् ॥
नागवल्लिदलसंयुतं रसं कामदं सकलमेहनाश-
नम् ॥ १३ ॥

भाषाटीका ॥ धतूरेके बीज तेलियामीठो शुद्ध वंगेश्वर

पारौ शुद्धहींगुलू गन्धक इनके संग नागरपानके रसमें ये रस सवरे प्रमेहनको नाश करै ॥ १३ ॥

वल्लषोडशगुन्द्रंच सितादुग्धेन मिश्रितम् ॥
सर्वप्रमेहे वैद्येन धातुदोषोपशान्तये ॥ १४ ॥

भाषाटीका ॥ सोलह रती गौंद लैकें मिश्री और दूध के संग पीवेसों धातुदोष तथा प्रमेहकौ नाश होई ॥ १४ ॥

अथ हीनकन्दर्पवृद्धिप्रयोगः ॥

हंसपाकपलार्धंच वृन्ताकेनच पाचयेत् ॥
वल्लमानप्रदानेन हीनकन्दर्पवृद्धिकृत् ॥ १५ ॥

भाषाटीका ॥ हींगुलू आधपल ताको वेंगनमें धर पकामनों तापीछैं एक रत्तीदेवेसों हीनकाम अर्थात् नपुंसक पनो दूर करै ॥ १५ ॥

सूर्यक्षारं पलार्धंच सितया सह भक्षयेत् ॥
उष्णवातं पित्तरोगं मूत्रकृच्छ्रं प्रणाशयेत् ॥ १६ ॥

भाषाटीका ॥ आककौ खार तथा याकी ऐवज सोरा खार लेनो आध पल लैकर मिश्रीके संग पीवेसों उष्ण वात पित्तरोग मूत्रकृच्छ्र इन ये सबनकौं नाश करै ॥ १६ ॥

अथ मूत्ररोधे उपचारः ॥

त्रिफला कर्कटीबीजं सैन्धवं समभागकैः ॥
चूर्णमुष्णाम्बुनापीतं मूत्ररोधं निवारयेत् ॥ १७ ॥

भाषाटीका ॥ हरड बहेडे आवरे काकडीके बीज सै-

न्धो नोन ये बराबर भाग लै ताको चूर्ण कर गरम जलके संग फाँकवेसों मूत्ररोधको निवारण करै ॥ १७ ॥

अथाश्मरीरोगे उपचारः ॥

शर्करांच यवक्षारं गवां तक्रेण यः पिबेत् ॥
उष्णवातस्तथाश्मर्याः पीडागच्छति सत्वरम् १८॥

भाषाटीका ॥ मिश्री यवक्षार गायके मठासों याको पीवे तो गरम वाय तथा पथरीके दर्दको जल्दी दूरकरै ॥ १८॥

अथ लिङ्गलेपः ॥

नागफेनो विषं स्वर्णबीजं जातीफलं समम् ॥
गोघृतेनच संमर्द्य लिङ्गलेपो विधीयते ॥ १९ ॥
तस्माद्भवति मर्त्यानां मृतकन्दर्पवृद्धिकृत् ॥
प्रयोगो हस्तिना सद्यश्चमत्कारकरः परम्॥ २० ॥

भाषाटीका ॥ अफीम, वत्सनाभ, धतूरेके बीज, जायफल, इनको समान भाग ले चूर्णकर गायके घीमें याको मर्दनकर लिङ्गपर लेप करनों ॥ १९ ॥ ता मनुष्यको मन्यो भी काम बढै करे ये योग हस्तिकविको जल्दी चमत्कार करे बहुत ॥ २० ॥

वचाश्वगन्धागजपिप्पलीनां
चूर्णं महिष्या नवनीतमेभिः ॥
विलेपितंसत्पुरुषस्यलिंगं
लंबं भवेद्धस्तिमतं च सम्यक् ॥ २१ ॥

भाषाटीका ॥ बच,असगंध,गजपीपल,ये समान भाग ले चूर्ण भैंसके माखनमें मिलाय लिंगपे लेपकरे तो पुरुषको लिंग लम्बो होई ये हस्तिकविको मत है ॥ २१ ॥

वचाकुष्ठाश्वगन्धाच गजकृष्णासमानकैः ॥
नवनीतयुतो लेपो नरलिंगस्य वृद्धिकृत् ॥ २२ ॥

भाषाटीका॥ बच, कूठ, असगंध, गजपीपल ये समान भाग ले चूर्णकर गऊके माखनमें लेप करवे सो मनुष्यके लिंगकी वृद्धिकरे ॥ २२ ॥

पुनः ॥

सश्वेतरक्तकरवीरजटां गृहीत्वा
दारूनिशागजकणानवसागरेण ॥
आकल्लकार्कसहितं हि जलेन पिष्ट्वा
संलेपितं प्रकुरुते खलु लिंगवृद्धिम् ॥ २३ ॥

भाषाटीका ॥ सुपेद तथा लाल कनेरकी जड लैनीऔर देवदारु हरदी गजपीपल नौसादर अकलकरा आककी जड जलके संग पीस याको लेप करे तो आनन्द सो लिंगकी वृद्धि होई ॥ २३ ॥

अथ कामेश्वरगुटिका ॥

नागफेनफलाजातीपत्रीनागलतारसैः ॥
मर्दयेद्यामयुग्मं तु कारयेद्गुटिकोत्तमा ॥ २४ ॥
सुगन्धैर्मिश्रितादेया दुग्धपानं तदोपरि ॥
सुरते दशनारीणां मानमुच्छेदयेद् ध्रुवम् ॥ २५ ॥

भाषाटीका ॥ अफीम जायफल जावित्री इनकौ समान भागलै नागरपानके रसमें मर्दन करे दोपहर ताकी गुटिका उत्तम करनी ॥ २४ ॥ सुगन्ध मिश्रित करनी इलायची वजके संग देनी तापें दूध प्यानौ तौ अच्छीतरें रतिमें दशस्त्रीनके मानको निश्चय मारे ॥ २५ ॥

अथ मूत्रविकारे उपचारः ॥

भृंगराजं तिलाः कृष्णाः प्रतिवासजलेनच ॥
दिनानि सप्त कुर्वाणो न मूत्रं पतते बहु ॥ २६ ॥

भाषाटीका ॥ भांगरो काले तिल पटवास इनकों समान भाग लै पानीके संग घोट सातदिन पीयो करवेसों बारबार मूत्रको आयवो बन्दहोई ॥ २६ ॥

अथेन्द्रियोत्पन्नरोगे उपचारः ॥

ससितंमृतनागन्तु योभजेद्दिनसप्तकम् ॥
तस्य सर्वेन्द्रियोत्पन्नं रोगजालं ध्रुवं हरेत् ॥ २७ ॥

भाषाटीका ॥ मिश्रीके संग नागेश्वर याकों खाय सात दिन ताकी सर्वलिंगकी रोगजालको निश्चै हरे ॥ २७ ॥

अथ नागभस्मविधिः ॥

पूर्वं संशोध्यनागन्तु सूर्यमूलेन मर्दयेत् ॥
यामत्रिके भवेद्भस्म सितयासह दापयेत् ॥ २८ ॥
नागं मृतं हरति पित्तसमीरणार्तिं शुक्रस्यदोष-
शमनं गतकामवृद्धिम् ॥ दाहप्रलापशमनं रुचि-

कृद्धिशेषात् शीर्षव्यथां हरति नेत्ररुजंनराणाम्२९॥
इतिश्रीवैद्यवल्लभेहस्तिरुचिकविविरचितेपुरुषार्थ-
गतकामगतधातुप्रमेहमूत्रकृच्छ्राश्मरीलिंगवृ-
द्धिबहुमूत्रप्रतीकारोनाम चतुर्थोंविलासः॥ ४ ॥

भाषाटीका ॥ पहलें सीसेको शोधकर खीपरामें चढाय तीव्रअग्निदे आककी जडसों मर्दन करतोजाय तौ तीन पहरमें भस्म होइ याकों मिश्रीके संग देनी ॥ २८ ॥ नागेश्वर मारचोभयो पित्त वातविकार हरे वीर्यदोषको शमन करै गयेभये कामको बढावे और दाहप्रलापको शमन करै विशेषकर रुचिकों करै शिरोरोगनको हरै मनुष्यके नेत्रके दर्दको हरै ॥ २९ ॥

इतिश्रीवैद्यवल्लभेमधुपुरीस्थदक्षगोत्रोद्भवचातुर्वेदिराधा-
चन्द्रशर्मकृतव्रजभाषाटीकायांपुरुषार्थगतकाम-
गतधातुप्रमेहमूत्रकृच्छ्राश्मरीलिंगवृद्धिबहुमूत्र
प्रतीकारोनामचतुर्थो विलासः ॥ ४ ॥

अथ गुदरोगप्रतीकारः प्रोच्यते ॥

आम्रास्थिविश्वागोशृंगीकुटजाम्ररसेनतु ॥
मर्दयेत्त्रिदिनं सम्यक् सितया सह यो भजेत्॥ १ ॥
तस्यपित्तोद्भवां हन्ति ग्रहणीं दुःखकारिणीम् ॥
ज्वरातिसारंतीव्रं च रक्तस्रावं रुजंहरेत् ॥ २ ॥

भाषाटीका ॥ केरीके भीतरकी गुठली सोंठ अतीस कूडेकी छाल ये समान भाग लै आम्रके रसमें वा आमके

पत्ताके रसमें तीनदिन मर्दन कर ताकौं मिश्रीके संग खाय ॥ १ ॥ तौ पित्तसो भई संग्रहणी दुःखेक देवेवारीको हरे और ज्वर अतीसार तीव्ररक्तके गिरवेकों दर्दको दूरकरे॥२

अथ अतीसारे गुटिका ॥

मरिचंखर्परंनागफेनतन्दुलकैर्जलैः ॥
मर्द्यतंदुलतोयेनगुटीसर्वातिसारजित् ॥ ३ ॥

भाषाटीका ॥ कालीमिर्च खपरिया शुद्धअफीम इनको समान भागलै सांठीचावल के धोइवे के पानीसों घोट गोलीकर चावलके धोवनसो देनी तौ सवरी भांतिके दस्तके विकार को मेंटै ॥ ३ ॥

पुनः ॥

जीरकंविजयाबिल्वंनागफेनसमांशकैः ॥
दधिनीरेणसाकार्यागुटीसर्वातिसारजित् ॥ ४ ॥

भाषाटीका ॥ जीरौ भांग वेलगिरी अफीम ये समान भागलै दही के जलसे गोली कर देवे सों सवरे दस्तविकार को दूर करै॥ ४ ॥

अथ अतीसारे चूर्णम् ॥

कपित्थवटशुंगंचशुंठीजीरकशर्करा ॥
समभागैःकृतंचूर्णमतीसारहरंपरम् ॥ ५ ॥

भाषाटीका ॥ केत बडके कोमलपत्ता सोंठ जीरौ मिश्री ये समान भाग लै चूर्ण कर देय तौ महातिसारकों हरै॥५॥

अथार्शरोगे उपचारः ॥

भल्लातकंतुप्रस्थार्द्धंजलप्रस्थद्वयेनच ॥
प्रस्थद्वयंतुगोदुग्धंपाचयेद्वह्निनाततः ॥ ६ ॥
प्रस्थार्द्धंगोघृतंभुक्त्वाप्रस्थमानातुशर्करा ॥
तदोषधंपलार्द्धन्तुचार्शोंहन्तिचभक्षणात् ॥ ७ ॥

भाषाटीका ॥ मिलाये सेर १ पानी सेर ४ गायको दूधसेर ४ ये सब एकत्र कर अग्निसो ताकों पकानों ॥ ६ ॥ ता पीछे गौको घी सेरभर तथा सेरभर मिश्री गेरकर मिलानी मिले पीछे तामें ते आध पल खाय तौ बवासीरकों दूर करै ॥ ७ ॥

अथार्शारिलेपः ॥

देवालीफलबीजानिगोमूत्रेणचमर्दयेत् ॥
